# 11 हजार केवी विद्युत लाइन के करंट की चपेट से लाइनमैन की मौत

## घटना से नाराज ग्रामीणों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया



सीएचसी पर जन प्रतिनिधियों, ग्रामीणों व परिजनों ने मांगों को लेकर धरना दिया।

- शटडाउन लेकर विद्युत पोल पर कार्य कर रहा था लाइनमैन, अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू करने से हादसा हुआ
- मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 लाख का मुआवजा, आश्रित को सरकारी नौकरी, सरकारी योजनाओं के लाभ की मांग की

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर क्षेत्र भाबरु थाना के अंतर्गत ग्राम किशनपुरा स्थित नदी के पास गुरुवार देर शाम 11 हजार केवी विद्युत लाइन के करंट से लाइनमैन भैंसलाना निवासी राजेश सिंह शेखावत की मौत हो गई। लाइनमैन राजेश सिंह शेखावत ट्रांसफार्मर के 11 केवी लाइन का मरमत कार्य कर रहा था। इस दौरान ग्रिड से किसी कार्मिक ने विद्युत सप्लाई चालू कर दी जिससे लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना पर भाबरु थाना प्रभारी रविंद्र कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

मृतक के पीड़ित परिजनों ने किशनपुरा स्थित नदी में रखे ट्रांसफार्मर के पास विद्युत लाइन की मरम्मत के दौरान शटडाउन के बावजूद विद्युत आपूर्ति सुचारु करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताते हुए धरना प्रदर्शन किया। वहीं निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए मृतक का शव लेने से इनकार कर दिया। गुरुवार देर रात तक मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही, जहां देर रात विद्युत निगम का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में रोष व्यापत हो गया। वहीं मृतक का शव पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्च्यूरी में रखवाया गया। अगले दिन शुक्रवार सुबह जन प्रतिनिधियों, राजस्थान विद्युत तकनीकी एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने, ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर ठेकेदार व दोषी लाइनमैन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा मे चल रहे धरना प्रदर्शन मे पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, कोटपुतली विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, पूर्व सरपंच मदन यादव, भाजपा नेता धूडसिंह, जयराम, रामनिवास यादव, राजस्थान विद्युत तकनीकी एसोसिएशन प्रदेश महामंत्री शंकर लाल सैनी, उपाध्यक्ष प्रदीप जांगिड़, डीएसपी विराटनगर रोहित सांखला, उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण सैनी, एक्सईएन बंसल, एसई गुप्ता, विराट नगर एईएन कपिल शर्मा, पावटा एईएन संजीव जाखड़, प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार, भाबरु थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा समझाइश करने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में आश्वासन के बाद परिजनों की सहमति के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

मृतक के पिता सवाई सिंह ने बताया कि हादसे से पहले राजेश से बात हुई थी। राजेश को भैंस के लिए दवाई लाने को कहा था राजेश ने बताया था कि वह 15-20 मिनट में काम खत्म करके दवाई लेकर घर पहुंच रहा है। मृतक राजेश के एक छोटा भाई भी है जो पढ़ाई कर रहा हैं। घर में राजेश ही एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था। राजेश की 2013 में शादी हो चुकी है और उसके एक 4 वर्षीय बेटा भी हैं। ऐसे में परिवार पर भी विपदा आन पड़ी हैं। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक धरना प्रदर्शन जारी रहा।

# खेत में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका जताई

## पुलिस मौके पर पहुंची, जांच की तो मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले



मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटना स्थल की जांच की।

- परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई, जांच शुरु

**पावटा, (निसं)।** भाबरु थाना क्षेत्र के गांव बागावास चौरासी में घर के पास खेत पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक गांव के ही मोहित मीणा (19) पुत्र राकेश मीणा का शव पड़ा मिला। शव देख आसपास के लोगों और परिजनों ने इसकी सूचना भाबरु थाना पुलिस को दी।

सूचना पर भाबरु थाना पुलिस मौके पर पहुंची जिसने जांच की तो मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले, जिस पर परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई। भाबरु थाना प्रभारी रविंद्र कुमार व विराटनगर डीएसपी रोहित सांखला ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया व शव का पंचनामा करवाने के साथ ही फोरेंसिक फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। वहीं डॉग स्कवायड टीम भी बुलाई गई। घर वालों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को विराटनगर सीएचसी की मोर्चरी मे पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# बेकाबू होकर पिकअप पलटी, 12 जने घायल



घायल का अस्पताल में इलाज किया।

- हादसे में हुये दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नादौती की ओर से कस्बा शहर की ओर आ रही एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लाया गया, जिनमें से सात लोगों को भर्ती किया गया। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में लोगों ने भीड़ को हटाया। सभी घायल गंगापुर सिटी के निवासी हैं।

जानकारी के अनुसार गंगापुर सिटी से नादौती के लिए तीन दिन की जमात गई थी। इस दौरान शुक्रवार को सुबह जमात नादौती से पिकअप द्वारा कस्बा शहर के लिए जा रही थी, जहां कस्बा शहर में जोड (प्रवचन) कार्यक्रम में शामिल होना था। इस दौरान गंगापुर सिटी-नादौती सड़क मार्ग स्थित ल्हावद के पास अचानक पिकअप बेकाबू हो गई और पलट गई। पिकअप में सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों में इस्माइल (60) पुत्र धन्ना खां, कमरूद्दीन, शफी मोहम्मद (53) पुत्र ममोजी, आजम खान, रोशन, उस्मान (60) पुत्र नगीना और अरमान (19) पुत्र आमीन निवासी गंगापुर सिटी हैं। इनमें से गंभीर हालत होने की वजह से डॉक्टरों ने शफी मोहम्मद और उस्मान को जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में मुस्लिम समाज के लोगों की भीड जमा हो गई।

# महिला से बदमाशों ने सोने की चेन लूटी

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र में अपने पति के साथ घर जा रही महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर सोने की चेन व मंगलसूत्र तोडक़र फरार हो गए। पीडित् महिला के पति ने गंज थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर फॉयसागर रोड शिवनगर निवासी राजू खत्री ने तीन बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में खत्री ने बताया कि वह अपनी पत्नी मीरा के साथ सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर घर जा रहा था। भागचंद सोनी नगर के रास्ते पर मोटर साइकिल पर तीन बदमाश आए और उसकी पत्नी के गले पर झपट्टा मार फरार हो गए।

# बच्चों की बात को लेकर हुए झगड़े में एक दर्जन घायल

- पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया, चार को हिरासत में लिया

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के नेक नगर स्थित वार्ड 34 में गुरुवार देर रात्रि एक ही समुदाय के दो पक्षों में बच्चों की बात को लेकर हुए झगड़े में धारदार हथियार से वार करने से एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए राजकीय टांटिया समुदाय अस्पताल पहुंचाया और चार लोगों को हिरासत में लिया।

एएसआई रतनलाल लुहार ने बताया कि आरिफ, सोहेल, तारीफ ब्योपारी, खलील साई, यूसुफ, जुबैदा, अयूब, साहिना, अजरुद्दीन, अमन साल घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कार्रवाई के लिए मामला दर्ज कराया है। मामले में आरिफ ब्योपारी ने रिपोर्ट दी है कि मेरा छोटा बच्चा अदनान सलीम नागौरी के घर के पास खेल रहा था जिसके साथ अयूब छींपा की पत्नी ने गाली गलौज व मारपीट की तब मेरे बच्चे ने घर आकर मुझे बताया, तब में उनको समझाने गया तो मेरे साथ भी गाली गलौच की। तब मोहल्ले के लोगों की समझाईश पर में घर आ गया।

उसी दौरान अयूब अपनी पत्नी व 2 साले, ससुर के साथ हाथों में लौहे के हथियार लेकर आए और मेरे को कहा कि हम गुजरात के डॉन हैं और सभी ने मेरे ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आई मेरी पत्नी व मोहल्ले के लोगों को भी चोटे लगी। दूसरी ओर मामले को लेकर साहिना छींपा रिपोर्ट में बताया कि रात्रि करीब 11:20 बजे अपने घर खाना बना रही थी, उसी समय अदनान व तारीफ दोनों मेरे घर की गेट के पत्थर मार रहे थे। तब मैंने उनको धमकाकर भगा दिया। थोड़ी देर बाद दोनों ने फिर से पत्थर मारे तब मेरे भाई अमन ने बाहर जाकर उनको समझाया तब तारीफ ने मेरे भाई को थप्पड़ मारा तो उसने भी थप्पड़ मार दिया। तब मोहल्ले के लोगों ने दोनों को समझाइश कर अलग-अलग कर दिया।

थोड़ी देर बाद करीब तीन पिकअप गाड़िया भरकर 60 से 70 आदमी आए जिनके हाथों में तलवार, लोहे के सरिए व हॉकी लिए मेरे घर की मेन गेट को तोड़कर घर में नाजायज प्रवेश कर मेरी माँ, भाई पिता व पति के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचाई एवं आरिफ व खलील ने मेरे कपड़े फाड़कर लज्जा भंग की। मामले को लेकर पुलिस ने सरीफ, फिरोज साई, अयूब व अजरुद्दीन छींपा को हिरासत में लिया।

# देशी कट्टे, दो जिंदा कारतूस के साथ नाबालिग निरूद्ध

**खेतड़ी, (निसं)।** सिंघाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन देशी कट्टे बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने हथियार लेकर आए एक नाबालिग युवक को निरूद्ध किया गया है। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि पुलिस की ओर से क्षेत्र में अवैध हथियारों पर लगाम लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की बुहाना रोड़ स्थित बोहरा वाला कुआं के पास एक युवक हथियार लेकर आने वाला है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजर्षि वर्मा ने सिंघाना व स्पेशल टीम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जब पुलिस की टीम बोहरा वाले कुएं के पास पहुंची तो एक बिना छत के खंडहर मकान के पास एक बाइक खड़ी दिखाई दी। जब एएसआई कल्याण सिंह तंवर व एएसआई विद्याधर शर्मा ने खंडहर में घुसकर देखा तो अंदर एक युवक बैठा दिखाई दिया। युवक ने अपनी पीठ पर बैग लटका रखा था, जिसमें वह हथियार लेकर आया था। जब पुलिस की टीम ने बैग की तलाशी ली तो उसमें तीन देशी कट्टे, दो जिंदा कारतूस, एक खाली खोखा पाए गए। जब पुलिस के अधिकारियों ने युवक से हथियारों के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके पास मिले हथियार व कारतूस जब्त कर लिए।

थानाधिकारी ने बताया कि निरूद्ध किए गए नाबालिग से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा हथियार सप्लाई करने वाले सरगना के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, डीएसटी प्रभारी शेर सिंह फोगाट, एचसी सुरेंद्र नारवाल, कांस्टेबल राकेश कुमार, अजय कुमार, योगेन्द्र, संदीप गांधी, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, सतीश, अमित कुमार आदि शामिल थे।

# ट्रेन की चपेट से युवक की दर्दनाक मौत



ट्रेन की चपेट में आए युवक को अस्पताल ले जाया गया।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी मृतक के शव को जिला हॉस्पिटल लेकर गई।

परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाना पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त गंगापुर सिटी के पास नसिया कॉलोनी निवासी विनोद गुप्ता (40) पुत्र महेश गुप्ता के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि विनोद गुप्ता रेलवे स्टेशन के पास कोई काम होने की बात कहकर घर से निकला था। इसी दौरान गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस की सूचना पर एंबुलेंस से विनोद को गंगापुर जिला हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# विधायक का पुतला फूंका

**भीलवाड़ा, (निसं)।** एस.सी./एस.टी. समुदाय की जमीनें सामान्य वर्ग के नाम नामान्तरण नहीं होकर पूर्व में जो प्रावधान है उसे नियमित रखने की मांग को लेकर एस.सी/.एस.टी. वर्ग की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष पंकज डिडवानिया ने बताया कि शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा दो दिन पूर्व विधानसभा में किये गये प्रश्न एस.सी./एस.टी. की जमीनें सामान्य वर्ग के नाम नामान्तरण करने का प्रावधान रखा जो एस.सी./एस.टी. वर्ग के खिलाफ घोर अन्याय है। पूर्व में जो प्रावधान है कि एस.सी./एस.टी. की जमीन सामान्य वर्ग के नाम नहीं हो सकती। उसी प्रावधान को नियमित रखने के लिए आज एस.सी./एस.टी. समुदाय द्वारा आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी पंकज डीडवानिया के नेतृत्व मं सूचना केन्द्र चौराहे पर पुतला फूंका गया एवं विधायक कोठारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी।

# फरार मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

- राजकॉप एप के माध्यम से फोटो मिलाने पर अभियुक्त पकड़ में आया
- चितौड़गढ़ के 258 किलोग्राम डोडा पोस्त के प्रकरण में फरार था आरोपी
- आरोपी के कब्जे से एक क्रेटा कार जब्त की गई है

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने चितौड़गढ़ से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसीपी प्रतापनगर अनिल कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना सदर जिला चितौड़गढ़ के 258 किलोग्राम डोडा पोस्त के प्रकरण में फरार आरोपी प्रवीण उर्फ पिन्टुउर्फ टेना दस्तयाब किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक क्रेटा कार एमवी एक्ट में जब्त की गई है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि कांस्टेबल वीराराम और अशोक द्वारा थाना चौपासनी हाउसिंग बोर्ड क्षैत्र में संदिग्धों को राजकॉप एप के माध्यम से फोटो मिलाने करने के लिए थाना से रवाना होकर अशोक उद्यान के सामने पहुंचे तो अशोक उद्यान के सामने एक संदिग्ध क्रेटा कार जिसमें दो जवान उम्र के लड़के बैठे हुए मिले। क्रेटा कार में बैठे दोनों संदिग्ध युवकों के फोटो राजकॉप पुलिस एप में मिलान करने पर एक युवक का फोटो मादक पदार्थ के प्रकरण में संदिग्ध फोटो लगने पर सूचना दी गई। इस पर सांयकालीन ड्यूटी अधिकारी रामप्रसाद सउनि मय जाप्ता को मौके पर भेजकर दोनों युवकों से बारीकी से पूछताछ करने पर संतोषजनक जबाव नहीं देने पर क्रेटा कार जब्त की।

# तेज बरसात से विधवा महिला का पक्का मकान ढहा



गांव सिरोही में तेज बारिश से विधवा पुष्पा देवी का मकान ढह गया।

**टोंक, (निसं)।** दत्तवास ग्राम पंचायत के गांव सिरोही में गुरुवार की रात तेज बारिश से एक मकान ढह गया। ग्रामीण राजेश गुर्जर ने बताया कि तेज बारिश से विधवा पुष्पा देवी हरिजन का मकान ढह गया। मकान ढहने से घर में रखा सामान मलबे में दबकर खराब हो गया, जिससे उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पीड़ित पुष्पा देवी ने बताया कि बरसात से मकान के ढह जाने से परिवार के सदस्यों को देवर के मकान में रहकर रात गुजारनी पड़ रही है। बरसात से मकान ढह जाने की सूचना पंचायत प्रशासन को दी। शुक्रवार की सुबह सरपंच प्रमिला बेनीवाल, सुरेंद्र बेनीवाल सचिव विजय सिंह गौड़, हल्का पटवारी मोनू चौधरी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

# असामाजिक तत्वों ने पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की




कोतवाली थाना इलाके में पभराव से कुछ गाड़ियों के शीशे टूट गये।

- दो गुटों के बीच हुई मामूली कहासुनी सांप्रदायिक घटना के रूप में बदल गई
- आमने-सामने हुये पथराव का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा फिजा को खराब करने की साजिश की जा रही है। आए दिन छुटपुट घटनाओं को सांप्रदायिक रूप दिया जा रहा है। बीती रात भी कुछ ऐसा ही हुआ जब सोलंकी टॉकीज रोड पर दो गुटों के बीच हुई मामूली कहासुनी सांप्रदायिक घटना के रूप में बदल गई और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नागौरी गार्डन टेक्सी स्टेंड पर पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना इलाके में सोलंकी टॉकीज रोड पर कार की टक्कर से एक गोवंश के घायल होने के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस और कर चालक के बीच मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसके बाद एंबुलेंस चालक और कर्मी राहुल और बबलू के साथ मारपीट कर दी गई। मारपीट ने सांप्रदायिक घटना का रूप ले लिया और असामाजिक तत्वों ने इसका फायदा उठाते हुए नागोरी गार्डन क्षेत्र में टैक्सी स्टैंड पर पथराव शुरू कर दिया। आमने-सामने पथराव का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस पथराव में न सिर्फ गाड़ियों के, बल्कि आसपास की क्षेत्र में स्थित दुकानों के भी शीशे टूट गए। दुकानदारों और टेक्सी चालकों का कहना है माहोल बिगड़ने की नियत से देर रात नकाबपोश बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई इस घटना से क्षेत्रवासियों ने दहशत का माहोल है।